# मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी में दीदी-भुली महोत्सव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी रामलीला मैदान में आयोजित महिला शक्ति एवं नारी सम्मान को समर्पित दीदी-भुली महोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनसभा में कहा कि डबल इंजन की सरकार के कार्य उत्तराखंड में विकास के रूप में स्पष्ट नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र का विकास करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर की महिला उद्यमियों ने पारंपरिक उत्पादों पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी और स्टॉल



लगाकर ये बता दिया है कि प्रदेश के विकास में महिलाओं का योगदान किसी से भी कम नहीं है। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तरकाशी रामलीला मैदान में नए कैलेंडर वर्ष 2024 और माघ मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मातृशक्ति के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है, उत्तराखंड राज्य निर्माण में मातृशक्ति का योगदान अमूल्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश महिला विकास से आगे बढ़कर महिला नेतृत्व की बात कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मातृशक्ति के सम्मान में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी योजना, नंदा गौरा मातृवंदना योजना और महिला पोषण अभियान जैसी योजनाएं प्रारंभ की हैं। इससे पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने मुख्य मुख्यमंत्री को रवांई की हजारों पर पुरानी धरोहर कास्ट कला से निर्मित चौकट की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। ॉफी टेबल बुक का लोकार्पण

सिलक्यारा टनल के सफल रेस्क्यू की यादगार स्मृति में पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी व उत्तरकाशी पुलिस प्रशासन की प्रकाशित ह्लकॉफी टेबल बुकह्व पुस्तक का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकार्पण किया।

# उत्तराखंड कांग्रेस आयोजित करेगी न्याय दो यात्रा: मथुरा दत्त जोशी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के आह्वान पर प्रदेशभर की सभी जिला, महानगर, ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कमेटियां 14 जनवरी से 16 जनवरी तक प्रदेश की बेटी अंकिता भण्डारी को समर्पित तीन दिवसीय अंकिता भण्डारी को न्याय दो यात्रा आयोजित की जायेगी।

सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ह्लभारत जोड़ो यात्राह्व की अपार सफलता के उपरान्त 14 जनवरी से मणिपुर की राजधानी इंफाल से महाराष्ट्र तक लगभग 6,700 कि.मी. लम्बी



ह्लभारत जोड़ो न्याय यात्राह्व का शुभारम्भ करने जा रहे हैं। इसी अवसर पर उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी राहुल गांधी की ह्लभारत जोड़ो न्याय यात्राह्व के समर्थन में 14, 15 एवं 16 जनवरी को प्रदेशभर में अलग-अलग स्थानों पर प्रदेश की बेटी अंकिता भण्डारी को समर्पित तीन दिवसीय ह्लअंकिता भण्डारी को न्याय दो यात्राह्व आयोजित करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने बताया कि स्व. अंकिता भण्डारी के पिता द्वारा राज्य सरकार को लिखे पत्र में अंकिता भण्डारी प्रकरण में शामिल वीआईपी और रिसार्ट में तोड़फोड़ करवाने वालों का नाम उजागर करने के बावजूद बेटी बचाओ-बेटी बचाओ का नारा बुलंद करने वाली धामी सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इन यात्राओं में पार्टी के सभी विधायकगणों, पूर्व विधायक एवं विधानसभा प्रत्याशी 2022, एआईसीसी सदस्यों, पीसीसी सदस्यों, अनुषांगिक संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के अध्यक्षगणों से भी आग्रह किया गया है कि वे अपने-अपने जिला, महानगर, ब्लाक एवं नगर में होने वाले यात्रा कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## हिस्ट्रीशीटर शराब माफिया को तस्करी करते गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सिडकुल थाना पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाते हुए एक हिस्ट्रीशीटर शराब माफिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से अवैध शराब व तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। सिडकुल थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान गणेश धर्म कांटा के पास से एक हिस्ट्रीशीटर ललित उर्फ मांगा पुत्र गुलदास निवासी रविदास मंदिर रावली महदूद थाना सिडकुल हरिद्वार को शराब की तस्करी करते पकड़ा। आरोपित के पास से 40 लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज कर दिया है।

# मास्टर गेम के खिलाड़ियों को भाजपा सरकार सुविधा दे : मोनिक

**ज्ञापन**

8 मोनिक ने खिलाड़ियों के साथ जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश उपाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ उत्तराखंड व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मोनिक धवन ने खिलाड़ियों के साथ जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में धवन ने मास्टर गेम्स के खिलाड़ियों को सरकार से सुविधाएं दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि को जो 30 वर्ष



से ऊपर के गेम्स होते हैं, उसमें खिलाड़ी बचपन से खेलते आ रहे होते हैं, जो स्टेट चैंपियन, नेशनल चैंपियन, यूनिवर्सिटी चैंपियन होते हैं। 30 साल से ऊपर के खिलाड़ी होने पर यह अपने राज्यों का नेतृत्व मास्टर गेम्स में करते हैं। यह खिलाड़ी मेडल जीतकर उत्तराखंड राज्य का गौरव बढ़ाते हैं, परंतु उत्तराखंड राज्य में इन्हें कोई खेल सुविधा प्रदान नहीं की जाती है, लेकिन देश में कुछ राज्य ऐसे भी हैं जो मास्टर गेम्स को खेल की सारी सुविधाएं प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि अन्य प्रदेशों की भांति उत्तराखंड में भाजपा सरकार को मास्टर गेम्स के खिलाड़ियों को वह सारी सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए जिससे वह उत्तराखंड राज्य का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहाकि भाजपा सरकार अगर ऐसा करती है तो देश के खिलाड़ी इंटरनेशनल गेम्स में पार्टिसिपेट कर मेडल जीतकर भारत देश का पूरे विदेश में नाम रोशन करेंगे।

उत्तराखंड राज्य में स्पोर्ट्स पॉलिसी में मास्टर गेम को ऐड करके यह लाभ मास्टर गेम के खिलाड़ियों को प्रदान किया जाए।

इस मौके पर खिलाड़ी मोहम्मद आरिफ, नीलम पाल, राजेश मिश्रा, सचिन कुमार, पूनम, विजयपाल, नौशाद, महेश, दक्ष, दीपाली चौधरी, शालिनी चौधरी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में हुई रिक्रूट कांस्टेबलों की रंगारंग पासआउट सेरेमनी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस लाइन रोशनाबाद हरिद्वार स्थित परेड़ ग्राउंड में आज 167 महिला आरक्षियों की पासआउट सेरेमनी आयोजित की गई।

एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह के हाथों पुष्प गुच्छ प्राप्त करने के पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आईजी फायर सर्विस नीरू गर्ग ने अपना पदभार ग्रहण करने के पश्चात परेड का निरीक्षण किया। महिला रिक्रूट्स की टोली ने शानदार ड्रिल का प्रदर्शन कर मंच में खड़े मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि ने रिक्रूट्स कांस्टेबल को शपथ दिलाने के पश्चात उन्हें बधाई देते हुए देश सेवा के लिए समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस लाइन हरिद्वार को 200 महिला रिक्रूट्स के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई थी, जिनमें से अन्य परीक्षा (पटवारी इत्यादि) उत्तीर्ण करने एवं अन्य कारणों से 33 चयनित अभ्यर्थी उक्त प्रशिक्षण का हिस्सा नहीं बनी। शेष 167 महिला आरक्षियों द्वारा 06 माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर सभी टेस्ट पास किए।

15 जून से शुरू हुए इस प्रशिक्षण के दौरान आरआई प्रशिक्षण अनिता गैरोला के नेतृत्व में 34 आईटीआई, पीटीआई व अन्य स्टाफ ने महिला आरक्षियों को प्रशिक्षण दिया।

### श्रीराम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक बनाएंगे संत : अमृतानंद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री पंच दशनाम अग्नि अखाड़े के सचिव श्रीमहंत संपूणार्नंद ब्रह्मचारी महाराज ने गुजरात से हरिद्वार भूपतवाला स्थित श्री जगदीश स्वरूप आश्रम पहुंचकर स्वामी अमृतानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व पालिकाध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी एवं स्वामी अमृतानंद महाराज ने फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया। इस दौरान संतों ने राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य और दिव्य रूप देने पर चर्चा की।

स्वामी अमृतानंद महाराज ने कहा कि वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला विराजमान होने जा रहे हैं। समस्त देशवासियों के लिए यह ऐतिहासिक दिन होगा। सभी को उस ऐतिहासिक क्षण को दीपावली के रूप में मनाना चाहिए। श्रीमहंत संपूणार्नंद ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि देश भर से संत अयोध्या में ऐतिहासिक कार्यक्रम को दिव्य और भव्य बनाने के लिए अवश्य पहुंचेंगे। प्रभु श्रीराम हमारे आदर्श और भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म का आधार है। रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से देश भर के भक्तों में नई ऊर्जा का संचार होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साधुवाद के पात्र हैं। पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अयोध्या के समुचित विकास में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। स्वामी अनंतानंद महाराज ने कहा कि राम मंदिर निर्माण हजारों बलिदानी महापुरुषों के संघर्ष का परिणाम है। हम सभी संत हरिद्वार सहित देशभर से बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच कर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक रूप से भव्य और दिव्य बनाएंगे।

इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, महंत शिवानंद, महंत निर्मल दास मौजूद रहे।

### गरीब लोगों को किए कंबल वितरित

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रानीपुर मोड स्थित न्यू हरिद्वार कॉलोनी वासियों ने सर्दी से निजात दिलाने के लिए दर्जन भर असहाय लोगों को गर्म कंबल वितरित किए।

इस दौरान कॉलोनीवासी टीटू भारद्वाज ने कहा कि हम सभी को अपने सामर्थ्य अनुसार निराश्रित लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। मिलजुलकर ही गरीब असहाय लोगों की सहायता कर एक सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। सर्दी के इस मौसम में गर्म वस्त्रों का वितरण अधिक से अधिक किया जाना चाहिए। साथ ही प्रशासन को भी जगह-जगह अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए।

# एसएमजेएन कॉलेज के छात्र हार्दिक का हुआ बैंक पीओ पद पर चयन



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महाविद्यालय में एम.कॉम. तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र हार्दिक शर्मा ने उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक में पीओ पद पर चयन हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा ने हार्दिक शर्मा को शुभच्छाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री महन्त रविन्द्र पुरी हार्दिक शर्मा को सम्मानित करते हुए इच्छा व्यक्त की कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राऐं इसी प्रकार सफलता अर्जित कर महाविद्यालय को गौरवान्वित करते रहें। श्री महन्त ने अन्य छात्र-छात्राओं को भी हार्दिक शर्मा की सफलता से प्रेरणा लेने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का कैरियर काउंसिलिंग सेल निरन्तर छात्र-छात्राओं के कैरियर में उन्नति के लिए प्रयत्नशील है और इसी प्रकार से भविष्य में भी छात्र-छात्राओं की सफलता की अपेक्षा करता है। निरंजनी सुपर 33 ग्रुप के सार्थक प्रयास परिलक्षित हो रहे हैं।

उन्होंने कालेज प्राचार्य डॉ सुनील बत्रा एवं कालेज परिवार को अपनी बधाई प्रेषित की।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी ने हार्दिक शर्मा को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह सफलता हार्दिक शर्मा की लगन और मेहनत का परिणाम है तथा महाविद्यालय परिवार उनकी इस सफलता पर अत्यधिक हर्ष महसूस करता है। इस अवसर पर डॉ. नलिनी जैन, डॉ. विजय शर्मा, वैभव बत्रा, मोहन चन्द्र पाण्डेय आदि ने हार्दिक शर्मा को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## रोपवे बंद होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उषा ब्रेकों के संचालित मनसा देवी रोपवे को बंद हुए आठ दिन हो गए हैं। शासन फिलहाल रोपवे संचालन को लेकर कोई निर्णय नहीं ले पाया है। हालांकि इस बीच विभिन्न तकनीकी एजेंसियां रोपवे का सुरक्षा परीक्षण कर चुकी हैं। आज भी आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों ने रोपवे का संचालन कर उसकी सुरक्षा क्षमता का आंकलन किया। इन एजेंसियों की सुरक्षा रिपोर्ट के आधार पर ही आगे शासन रोपवे संचालन पर निर्णय करेगा। उधर रोपवे बंद होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्ग, दिव्यांग और शारीरिक अक्षमता के लोग रोपवे बंद होने से माता के दर्शन नहीं कर पा रहे हैं।

# शराब बनाते आरोपित को दबोचा, शराब बरामद

**ड्रग्स फ्री अभियान**

s 8 आरोपित का नाम मिथुन पुत्र तेजपाल निवासी जसपुर रंजीतपुर थाना कोतवली लक्सर बताया गया

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत लक्सर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के ग्राम रंजीतपुर के पास से खेतों में अवैध शराब बनाते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपित के पास से 40 लीटर कच्ची शराब, भट्टी उपकरण तथा मौके पर 150 लीटर लाहन बरामद किया। पुलिस ने लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया।



आरोपित का नाम मिथुन पुत्र तेजपाल निवासी जसपुर रंजीतपुर थाना कोतवली लक्सर बताया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# हत्या के प्रयास में वांछित आया पुलिस गिरफ्त में, तमंचा बरामद

**कड़ी मशक्कत**

8 पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपित विकेश उर्फ मिलिट्री निवासी ग्राम झबरेड़ी कलां को गिरफ्तार कर लिया

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

जनपद के झबरेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम झबरेड़ी कलां थाना झबरेड़ा निवासी ने विकेश उर्फ मिलिट्री पुत्र कुलवीर निवासी ग्राम झबरेड़ी कलां के खिलाफ



पुलिस को तहरीर दी। उसने अपनी शिकायत में बताया कि 04 जनवरी को उसके पुत्र नितिन उर्फ मोनू को गाली गलौज कर जान से मारने के इरादे से उस पर तमंचे से गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल करने और बीच बचाव कर रहे शेर सिंह पुत्र कर्ण सिंह के भी गोली लगने से गम्भीर घायल हो गया था।

हमले के बाद पीड़ित के पुत्र नितिन और शेर सिंह को उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। घटना का संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

थानाध्यक्ष झबरेडा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस की गिरफ्त से बचने के के लिए आरोपित लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा।

पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपित विकेश उर्फ मिलिट्री निवासी ग्राम झबरेड़ी कलां को झबरेड़ा मंगलौर रोड से गिरफ्तार कर लिया।

# श्रीराम लला प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश की मांग

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर राजधानी देहरादून के व्यापारियों ने प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषणा करने की मांग की है।

सोमवार को इसी संदर्भ में विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने पत्रकार वार्ता की। इसमें व्यापारियों ने कहा कि वह प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी से मिलकर 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की मांग करेंगे। इसी संदर्भ में डिस्ट्रीब्यूटर्स ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने बताया कि उपरोक्त के संदर्भ में सभी व्यापारी मुख्यमंत्री उत्तराखंड के संज्ञान में लाना चाहते हैं कि उपरोक्त तिथि को



500 साल के थकाने वाले लम्बे संघर्ष और अनगिनत बलिदानों के बाद प्रभु श्रीराम के मूल जन्म स्थान पर भव्य मंदिर का उद्घाटन एवम प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने जा रहा है।समारोह सनातन धर्म के इतिहास और इस सदी का सबसे बड़ा समारोह होगा। सभी व्यापारी, कर्मचारी भी इस समारोह को आनन्दपूर्वक, सुगमता पूर्वक बिना किसी बाधा के मना सके, इसके लिए हम आपसे आग्रह करते हैं कि इस दिन को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। प्रभु राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व संध्या अर्थात 21 जनवरी दिन रविवार को हम श्री गीता भवन मंदिर राजा रोड पर अपने सदस्य एवं उनके परिवारों के लिए बहुत ही भव्य कार्यक्रम, जिसमें संगीत मय सुंदर कांड उदित-अनुभव नारायण (सेलाकुई) करेंगे। नगर और प्रदेशवासियों की मंगल कामना के लिए 2100 दीपदान का आयोजन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जो बच्चे हमारे बीच में पहुंचेंगे उन सभी के लिए श्री रामायण के ऊपर एक चित्र कला प्रतियोगिता रखी जा रही है। इस कार्यक्रम में करीब 600 सदस्यों एवं उनके परिवार के उपस्थित रहने की उम्मीद है। कार्यक्रम के पश्चात प्रसादम् की व्यवस्था भी श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति एवं उनके सहयोगी संस्थाओं द्वारा की जा रही है। पत्रकार वार्ता में विवेक अग्रवाल के साथ कमलजीत शर्मा, अजय गर्ग, राजेश सिंघल, संजीव अग्रवाल, विवेक उपस्थित थे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि./उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

| क्रं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ABSS-SNT-01-2023-24 एस एंड टी वर्क्स इन कनेक्शन विथ अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट AMRO, CH, BSC, GMS & HPU | 17748776.00 | 238800.00 | Nil | 05.02.2024 15:00 hrs. |
| 2 | ABSS-SNT-02-2023-24 एस एंड टी वर्क्स इन कनेक्शन विथ अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट SPN, RMU & HRI | 10938696.00 | 204700.00 | Nil | 05.02.2024 15:00 hrs. |
| 3 | ABSS-SNT-03-2023-24 एस एंड टी वर्क्स इन कनेक्शन विथ अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट HRW, RK & KTW | 8253359.00 | 165100.00 | | 05.02.2024 15:00 hrs. |
| 4 | ABSS-SNT-04-2023-24 एस एंड टी वर्क्स इन कनेक्शन विथ अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट NBD, NGG, SEO, GJL | 10251360.00 | 201300.00 | Nil | 05.02.2024 15:00 hrs. |
| 5 | 02-SNT-SIG-FuseChng-23-24 प्रोविजन ऑफ ऑटोमेटिक फ्यूज चेंज ओवर सिस्टम एट 88 स्टेशन ओवर मुरादाबाद डिवीजन | 16242846.00 | 231200.00 | Nil | 05.02.2024 15:00 hrs. |
| 6 | 05RT02-SIG-SNT-MB-2022-23 कॉम्प्रेहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ HBL मेक इंटीग्रेटेड पॉवर सप्लाई ओवर मुरादाबाद डिवीजन फॉर [illegible] | 50268230.00 | 401400.00 | Nil | 05.02.2024 15:00 hrs. |

नोट:- निविदा के पूर्ण विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना ABSS-SNT-01-02-03-04-02-Fusechng-05RT02-2023-24 दि॰ 05.01.2024 66/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले भाजपा सभी मंदिरों और तीर्थों में चलाएगी स्वच्छता अभियान

**संकल्प**

**8 धार्मिक स्थानों को साफ सुथरा बनाने की संकल्प पूर्ति के लिए प्रदेश स्तरीय टीम का गठन भी किया गया है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रभु रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पहले राज्य के तीर्थों, मंदिरों एवं अन्य सभी धर्मों के पूजा स्थलों में विशेष स्वच्छता अभियान 14 जनवरी से चलाएगी।
दिव्य एवं भव्य श्री राम मंदिर निर्माण के अवसर पर धार्मिक स्थानों को साफ सुथरा बनाने की संकल्प पूर्ति के लिए प्रदेश स्तरीय टीम का गठन भी किया गया है।
प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने पार्टी मुख्यालय में मीडिया को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय अभियान अभियान राज्य में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलाया जाएगा, जिसमें पार्टी कार्यकताओं द्वारा प्रदेश के सभी तीर्थ क्षेत्र मंदिर एवं अन्य धर्म के पूजा स्थलों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निदेर्शानुसार पार्टी के सांसदों विधायकों और संगठन पदाधिकारी को अलग-अलग स्थान सुनिश्चित कर इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाने में अपना सहयोग सुनिश्चित करना है। जिसमे प्रतिदिन 2 से 3 घंटे इस अभियान में इन धार्मिक स्थलों एवं उनके परिसर और आसपास झाड़ू लगाना,प्लास्टिक चुगना, डस्टबिन रखना, चूना मिट्टी आदि का उपयोग करना जैसे तमाम स्वच्छता संबंधी कार्य किए जाएंगे। साथ ही सभी निकाय एवं अन्य जनप्रतिनिधि संस्थाओं द्वारा भी जन सहभागिता के साथ स्वच्छता के इस अभियान को अधिक से अधिक सफल बनाया जाएगा। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों एवं गण मान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा एवं इसे स्वछता आंदोलन का स्वरूप देते हुए आगे लेकर जाना है। इस विशेष स्वच्छता अभियान को लेकर जन जागरण करने के साथ अभियान से जुड़ी सभी जानकारी को # माई क्लिन इंडिया और नमो एप पर भी अपलोड करना है।
प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने अपने संदेश में कहा है कि पार्टी का यह कार्यक्रम मोदी के वचन, " ईश्वर की भक्ति के बाद स्वच्छता सबसे बड़ी भक्ति है" को आगे बढ़ाने का प्रयास है। प्रभु श्री राम का मंदिर हमारी संस्कृति का आधुनिक, शाश्वत आस्था और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक है। यह मंदिर करोड़ो लोगों की सामूहिक शक्ति एवं भावना का प्रतीक बने, इसके लिए हमे सभी पवित्र स्थलों को भी इस मौके पर स्वच्छ बनाना है। 2 अक्टूबर 2014 से देश को स्वच्छ बनाने वाली मोदी की इस मुहिम को हमें राष्ट्रीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण के इस स्वर्णिम अवसर पर आगे बढ़ाना है।
मनवीर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शों पर इस अभियान के समन्वय के लिए प्रदेश स्तरीय 5 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। इसमें संयोजक के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा,सह संयोजक के रूप में प्रदेश मंत्री मीरा रतूड़ी,रमेश चौहान,डॉक्टर जयपाल सिंह,विवेक सक्सेना को जिम्मेदारी दी गई है। अभियान को मंडल व जिला स्तर पर व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए कम से दो और तीन सदस्य समिति का गठन किया जाना तय किया गया है।

## नवागत एसपी अजय बोले, चंपावत होगा नशा मुक्त



**चंपावत/टीम एक्शन इंडिया**
एसपी देवेंद्र पींचा के स्थानांतरण के बाद चंपावत जिले की कप्तान नव आगंतुक एसपी अजय गणपति कुंभार ने संभाल ली है।
पहली बार मुख्यमंत्री के जिले की कमान संभालने के बाद एसपी अजय गणपति ने जिले के समस्त पुलिस उपाधीक्षक समस्त थाना प्रभारी ,एसओजी टीम , एलआईयू के अधिकारियों के साथ बैठक की और जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कड़े निर्देश दिए7
नवागंतुक एसपी अजय गणपति ने प्रेसवार्ता में कहा कि उनका पहला फोकस नशा उन्मूलन पर रहेगा। खासकर स्मैक पर एसपी ने कहा नशा तस्करों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके अलावा जिले की यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्च में जिले में चलने वाले प्रसिद्ध माता पूर्णागिरी मेल को शांतिपूर्ण करवाना उनकी वरीयता रहेगी। इसके लिए जिले के अनुभवी पुलिस उपाधीक्षकों व पुलिस कर्मियों के अनुभव का लाभ लिया जाएगा। इसके बाद लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से करवाना उनकी वरीयता में रहेगा। उन्होंने कहा कि चंपावत मुख्यमंत्री का जिला है, इसलिए चुनौतियां ज्यादा हैं। एसपी ने लोगों से अपील करते हुए कहा पुलिस हमेशा जनता के साथ है। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए जनता बिना डरे पुलिस से संपर्क कर सकती है।

## सर्दी में धर्मनगरी में घटी यात्रियों की संख्या, रातभर गुलजार रहने वाले बाजार पड़े सूने



**कड़ाके की सर्दी**

**8 गंगा घाटों पर कम यात्री नजर आ रहे हैं। होटल, धर्मशालाएं और आश्रम भी खाली चल रहे हैं।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ठंड के कारण हरकी पैड़ी क्षेत्र में भी गंगा स्नान करने के लिए सामान्य दिनों के मुकाबले कम श्रद्धालु आ रहे हैं। गंगा के अन्य घाटों पर तो बेहद कम संख्या में श्रद्धालु नजर आ रहे हैं।
सर्दी में धर्मनगरी में यात्रियों की संख्या घट गई है। इससे गंगा घाटों पर कम यात्री नजर आ रहे हैं। होटल, धर्मशालाएं और आश्रम भी खाली चल रहे हैं। रातभर यात्रियों से गुलजार रहने वाले बाजार सूने पड़े हुए हैं। शहर में इन दिनों कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। सुबह से कोहरे की सफेद चादर छा जाती है। हालांकि, दो दिन से सुबह दस बजे के बाद धूप निकल रही है, लेकिन इससे भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल रही है। रविवार को भी शहर का अधिक तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान छह डिग्री दर्ज किया गया।
सर्दी से पारा गिरने से बेहद कम संख्या में यात्री शहर में पहुंच रहे हैं। इससे दुकानदारों की दुकादारी पर भी असर पड़ रहा है। ठंड के कारण हरकी पैड़ी क्षेत्र में भी गंगा स्नान करने के लिए सामान्य दिनों के मुकाबले कम श्रद्धालु आ रहे हैं। गंगा के अन्य घाटों पर तो बेहद कम संख्या में श्रद्धालु नजर आ रहे हैं।सर्दी के सीजन में धर्मनगरी का बाजार भी ठंडा हो गया है। व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। जनवरी में सर्दी का सीजन व्यापार के लिहाज से अच्छा नहीं रहेगा। -
ठंड के चलते सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी कम भीड़ गंगा घाटों पर दिख रही है। हालत यह है कि जहां ब्रह्मकुंड की धारा में स्नान करने की अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था, वहीं रविवार को दोपहर में इक्का दुक्का लोग दिखाई दिए। हरकी पैड़ी गंगा घाट पर भी स्नान करने वालों से अधिक स्थानीय लोग दिखे।
देहात क्षेत्र में दिनभर कड़ाके की सर्दी रहने से खेती का कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। सबसे अधिक गन्ने की छिलाई करने में किसानों और मजदूरों को परेशानी हो रही हैं। क्योंकि, कड़ाके की ठंड में गन्ने की कटाई, छिलाई और फिर ढुलाई करने के लिए ठंड में लोगों के हाथ काम नहीं कर रहे हैं। लोग किसी तरह से रुक-रुक कर गन्ने के खेतों में कार्य कर रहे हैं।

## 554 ग्राम चरस के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बहादराबाद पुलिस ने भारी मात्रा में चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। बहादराबाद पुलिस ने गश्त के दौरान संदेह होने पर एक व्यक्ति को पकड़ा।
उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 554 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम समीर पुत्र इकराम निवासी ग्राम भौरी डेरा थाना बहादराबाद हरिद्वार बताया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

## विधिक सेवा प्राधिकरण ने चलाया बृहद नशा मुक्ति अभियान

**जन जागरूकता**

**8 नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वहां उपस्थित आम जनमानस को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया।**



**चंपावत/टीम एक्शन इंडिया**
नशा मुक्ति जागरूकता पखवाड़ा के तहत प्राधिकरण अध्यक्ष जिला जज कहकशा खान की अध्यक्षता में एक बृहद जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर जिला जज ने उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलायी और नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत ने ह्यनशा एक अभिशापह्न विषय पर विवेकानन्द विद्या मन्दिर इन्टर कालेज में आयोजित की गई चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला जज ने न्यायालय परिसर से शुरू होने वाली जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली जिला न्यायालय परिसर से बाजार क्षेत्र होते हुए बस स्टेशन चम्पावत तक निकाली गई तथा मौके पर ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वहां उपस्थित आम जनमानस को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया।
इस दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी पसबोला, सिविल जज हेमन्त सिंह राणा, जहांआरा अंसारी, एसडीएम, सीओ, पुलिस विभाग के कर्मचारी, अधिवक्ता, कर्मचारी, पराविधिक कार्यकर्ता स्वयंसेवक संस्था, प्रशासन के कर्मचारी, पुलिस विभाग के कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीएचईएल हीप इकाई के गुणता चक्रों ने जीता राष्ट्रीय पुरस्कार

**सम्मानित**

**8 बीएचईएल हरिद्वार की हीप इकाई के 06 गुणता चक्रों को, राष्ट्रीय स्तर के पार एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बीएचईएल हरिद्वार की हीप इकाई के 06 गुणता चक्रों को, राष्ट्रीय स्तर के पार एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया द्वारा, 04 से 07 जनवरी तक नागपुर में आयोजित किए गए, 37वें नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कांसेप्ट्स 2023 में यह पुरस्कार प्रदान किए गए। बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सभी 06 गुणता चक्रों के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे कर्मचारी हमारी अनमोल धरोहर हैं, जिन्होंने हर क्षेत्र में बीएचईएल के गौरव को बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि विद्युत मशीन्स, ब्लॉक-1 तथा टरबाइन ब्लेड मैन्यूफैक्चरिंग विभाग के, इन गुणता चक्रों को यह पुरस्कार अपने कार्य क्षेत्र में नई सोच, काम को सरल बनाने, गुणवत्ता बढ़ाने व नए टूल्स एवं तकनीकों का विकास करने के लिए दिया गया है। २इस सफलता में महाप्रबंधक (ईएम) एमएस नेगी, महाप्रबंधक प्रशांतो मांजी, महाप्रबंधक (टीबीएम) एसके गर्ग तथा अपर महाप्रबंधक श्रीमती पूनम सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने सभी टीमों को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

**न्यूज फ्लैश**

### लोहाघाट विधायक ने हर घर नल हर घर जल योजना में खड़ा किया सवाल

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
लोहाघाट विधानसभा के कांग्रेस विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने केंद्र सरकार की संचालित जनकल्याणकारी योजना हर घर नल हर घर जल योजना के तहत लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र में हो रहे कार्य में प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।
विधायक खुशाल ने कहा कि सरकार योजना के लिए पूरा पैसा देती है, लेकिन संबंधित अधिकारी योजना में घोर लापरवाही करते हुए नई योजना लाने के बजाय पुरानी योजना से ही कनेक्शन दे रहे हैं या गांवों में सूखे नल बिछा दिए गए हैं, जिस कारण लोग पेयजल से वंचित हो रहे हैं। इससे लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि योजना में कही भी पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है है, ना हीं शासन व प्रशासन के द्वारा कार्य की मॉनिटरिंग करी जा रही है।
उन्होंने कहा कि अगर शासन प्रशासन की मंशा साफ है तो योजना की जांच कर लापरवाह अधिकारी को दंडित करें। विधायक ने कहा अधिकारियों व शासन प्रशासन की लापरवाही से हर घर जल हर घर नल योजना से लोगों को पानी देने के बजाय उन्हें पेयजल से वंचित कर दिया गया है।

### लोहाघाट विधायक ने हर घर नल हर घर जल योजना में खड़ा किया सवाल

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
लोहाघाट विधानसभा के कांग्रेस विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने केंद्र सरकार की संचालित जनकल्याणकारी योजना हर घर नल हर घर जल योजना के तहत लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र में हो रहे कार्य में प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।
विधायक खुशाल ने कहा कि सरकार योजना के लिए पूरा पैसा देती है, लेकिन संबंधित अधिकारी योजना में घोर लापरवाही करते हुए नई योजना लाने के बजाय पुरानी योजना से ही कनेक्शन दे रहे हैं या गांवों में सूखे नल बिछा दिए गए हैं, जिस कारण लोग पेयजल से वंचित हो रहे हैं। इससे लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि योजना में कही भी पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है है, ना हीं शासन व प्रशासन के द्वारा कार्य की मॉनिटरिंग करी जा रही है।उन्होंने कहा कि अगर शासन प्रशासन की मंशा साफ है तो योजना की जांच कर लापरवाह अधिकारी को दंडित करें।

## 400 मीटर गहरी खाई में गिरा ट्रक

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल के रूसी बाइपास के समीप एक ट्रक अनियंत्रित होकर करीब 400 मीटर गहरी खाई में गिर गया।
दुर्घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे हल्द्वानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।फायर स्टेशन नैनीताल को डीसीआर के माध्यम से रूसी बाइपास के पास एक ट्रक के खाई गिरने की सूचना मिली।
इस पर एफएसओ किशोर उपाध्याय के नेतृत्व में अग्निशमन बलों के बचाव दल की टीम घटना स्थल पहुंची।

## भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले 1.75 लाख रुपये के पुरस्कार



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
डीएसबी परिसर के कला संकाय सभागार में सोमवार को नेहरू युवा केंद्र नैनीताल के जिला युवा अधिकारी ने ह्यमेरा भारत-विकसित भारत-2047ह्न का आयोजन किया। भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले 1.75 लाख रुपये के पुरस्कार दिए गए।
इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल, एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी, बीएसएसवी सैनिक स्कूल नैनीताल तथा डीएसबी परिसर के 14 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार डीएसबी के अर्णव त्रिपाठी ने द्वितीय पुरुस्कार बीएसएससी के दीपांशु पालीवाल एवं तृतीय पुरस्कार ग्राफिक एरा की निहारिका नेगी तथा डीएसबी की श्रेया जोशी ने जीता।
विजेताओं को अतिथि प्राध्यापक निदेशालय के निदेशक प्रो.ललित तिवारी ने पुरस्कार में पदक एवं प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख, द्वितीय पुरस्कार के रूप में पचास हजार व तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपए भेंट किये।
बताया गया कि विजयी प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। निर्णायकों डॉ.नवीन पांडे, डॉ.प्रभा पंत व प्रो.ललित तिवारी को प्रतीक चिन्ह भेंट किये गये। प्रतियोगिता में मनीष कार्की, हर्षित जोशी, उमा अधिकारी, गौरव बिष्ट, पंकज पांडे, दीपेश, प्रियंका सह, हिमानी दुगार्पाल, इंद्र चौहान, नकुल देव साह ने भी प्रतिभाग किया।

## भू कानून की आड़ में राजनीतिक दलों पर लगाया दबाव बनाने का आरोप



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भू कानून की आड़ में 1950 से मूल निवास लागू करने का दबाव सरकार पर डालने का आरोप भाकियू क्रांति ने कुछ राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों पर लगाया है। इसके विरोध में 21 जनवरी तक एक बाइक रैली निकाली जाएगी। उक्त जानकारी भाकियू क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी। इसके साथ ही मोहित चौधरी को विधिक सेल का प्रदेश अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया।
रुड़की नवीन मंडी में पत्रकारों से वार्ता में भारतीय किसान यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने कहा कि उत्तराखंड में भू कानून की आड़ में राजनीतिक पार्टी एवं सामाजिक संगठन 1950 से मूल निवास लागू करने के लिए दबाव डाला जा रहा है। यह मांग पूरी तरह गलत है। संविधान की मूल धारणा के विपरीत है। संविधान के अनुसार क्षेत्र, भाषा, रंग, जाति, समुदाय के अनुसार भेदभाव किया जाना नागरिक मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।
उन्होंने कहा एक राज्य में दो प्रमाण पत्र दिया जाना भेदभाव को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि मैदानी क्षेत्र से 20 विधायक उत्तराखंड विधानसभा में जाते हैं और इन्हीं क्षेत्रों में रोजगार के साधन उपलब्ध हैं। सबसे अधिक रेवेन्यू भी इन्हीं क्षेत्रों से जाता है, लेकिन इसके बावजूद यहां के निवासियों को उत्तराखंड का हिस्सा नहीं माना जाता। मैदानी दो जिलों के लोगों को स्थाई निवास उपलब्ध कराया जाता है। जबकि किसानों को भी दो भागों में बांटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक गन्ने की फसल के दाम की घोषणा भी सरकार न नहीं की है।
इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने मोहित चौधरी को विधिक सेल का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया और उन्हें नियुक्ति पत्र देते हुए किसानों और मजदूरों के हित में कार्य करने की बात कही।
प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद प्रजापति, राष्ट्रीय महामंत्री फकरे आलम खान, प्रदेश अध्यक्ष अनुज चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास पवार, प्रदेश अध्यक्ष आशीष चौहान, मुकेश पुंडीर आदि लोग मौजूद रहे।

## चरस की तस्करी करते अभियुक्त गिरफ्तार



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश पुलिस ने वीरभद्र स्टेशन वाली गली बायपास रोड के पास से एक स्कोडा कार रजिस्ट्रेशन नंबर यूके 07ए वाई1345 को रोक कर चेक किया गया तो चालक के कब्जे से कुल 132 ग्राम अवैध चरस बरामद हुआ। अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। उसकी पहचान राजवीर सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी ग्राम भैंत पोस्ट न्यूसारी टुंडा उत्तरकाशी के रूप में हुई है।
पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि वह होटल लाइन में बेंगलुरु में काम करता था। कुछ महीनों से घर पर ही था, मुझे बाहर होटल लाइन में जाना था। इसके लिए पैसा इकट्ठा करने के लिए मैं इस काम में पड़ गया। मैं उत्तरकाशी से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में जंगलों से यह माल इकट्ठा कर लिया था।
कॉलेज के लड़कों व लेबर करने वालों को थोड़ा-थोड़ा करके बेचता। आज माल बेचने ही स्टेशन के पास आया था।

